# डेमोक्रेटिक फ्रंट

Digital Edition

Website : www.demokraticfront.com

बुधवार, 1 जनवरी 2025 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4

चंडीगढ़

E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362


## एक नजर

### पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को नए साल की दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** देश के साथ विश्व भर में नए साल 2025 का शानदार आगाज हो चुका है। नए साल के स्वागत के बाद लोग एक दूसरे को बधाईयां दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास से भरे भारत के मूड को दर्शाते हुए इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में देश के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। साथ ही 2024 में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन को याद किया। पीएम मोदी ने इसे एक काव्यात्मक उत्सव बताते हुए एक्स पर साझा अपनी पोस्ट में कहा, मेरा भारत बढ़ रहा। पीएम मोदी ने एक भावपूर्ण संदेश में लिखा, स्पेस से लेकर धरती तक, रेलवे से लेकर रनवे तक, संस्कृति से लेकर नवाचार तक, भारत के लिए 2024 अभूतपूर्व प्रगति और परिवर्तन के वर्ष के रूप में दर्ज किया गया! पीएम मोदी ने कहा, यह एक काव्यात्मक उत्सव है क्योंकि हम 2025 में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने नए साल के पोस्ट में 2.41 मिनट का एक वीडियो-एनिमेशन शेयर किया, जिसमें साल 2024 में हासिल की गई उपलब्धियों को दर्शाया गया। वीडियो में देश के अंतरिक्ष प्रक्षेपण, सुपर-कंप्यूटिंग, रक्षा विनिर्माण में वृद्धि, विमानन उद्योग में वृद्धि, पानी के नीचे हावड़ा मैदान मेट्रो, रामेश्वरम रेल पुल और वंदे भारत रेल जैसे बुनियादी ढांचे के चमत्कार शामिल हैं। मेडिकल कालेजों की संख्या में वृद्धि और जनता के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास, अबू धाबी में पहले मंदिर और तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू करने को भी उजागर किया गया। 2024 में सरकार के प्रदर्शन के वर्चुअल रिपोर्ट कार्ड, एनीमेशन क्लिप में अर्थव्यवस्था के बारे में विशेष जानकारी दी गई। 700 अरब डालर के विदेशी भंडार के अलावा, इसने एशिया में तीसरी सबसे बड़ी ताकत के रूप में देश के उभरने और 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने को भी दर्शाया। 17 सितंबर को अपना जन्मदिन सैन्य जवानों के साथ मनाने वाले पीएम मोदी ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। नए साल के स्वागत के लिए विभिन्न शहरों में कई आयोजन किए गए। जहां पर एक दिन पहले से ही लोगों का जमावड़ा शुरु हो गया था। नए साल के जश्न में कोई दिक्कत ना हो इसको देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे।

### देश को एकता के पथ पर ले जाएंज', राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर देशवासियों को दी बधाई



**डेमोक्रेटिक फ्रंट, नई दिल्ली.** नववर्ष की पूर्व संध्या पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि नववर्ष के शुभ अवसर पर मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। नववर्ष का आगमन हमारे जीवन में नई आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं की शुरुआत का प्रतीक है। नववर्ष का अवसर हमें अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए नए जोश के साथ आगे बढ़ने का अवसर देता है। आइए हम नववर्ष 2025 का स्वागत हर्ष और उत्साह के साथ करें। अपने समाज और राष्ट्र को एकता और उत्कृष्टता के पथ पर आगे ले जाएं। वहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी जनता को नए साल की बधाई दी है। चौधरी ने कहा कि यह साल सबके लिए अच्छा रहेगा। सरकार नए साल में 13 लाख रोजगार देगी। युवाओं को 12 लाख नौकरियां दी जाएंगी। सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि वे लोगों के स्वस्थ, सक्रिय और सुखमय जीवन की कामना करते हैं। नए साल में 10 लाख लोगों को रोजगार और 3 लाख लोगों को सरकारी नौकरी मिलने से उनके जीवन में खुशहाली आएगी। एनडीए सरकार इस साल अपना कार्यकाल पूरा करेगी और सभी क्षेत्रों में विकास की शानदार उपलब्धियों के साथ फिर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करेगी।

## कड़ाके की ठंड के साथ नए साल का आगाज, कश्मीर-हिमाचल में सर्दी का सितम जारी; यूपी-बिहार में चलेगी शीतलहर

- यूपी, बिहार और हरियाणा में शीतलहर के साथ कोहरा पड़ेगा
- हिमाचल और कश्मीर में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है
- जम्मू-कश्मीर से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं बिहार-झारखंड तक गलन बढ़ेगी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, नई दिल्ली**



नए साल पर ठंड जमकर लोगों को कंपकंपाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, झारखंड समेत यूपी, बिहार और हरियाणा में शीतलहर के साथ कोहरा पड़ेगा। वहीं, पंजाब और हिमाचल में तो बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। नए साल के एक दिन पहले धूप न के बराबर निकली पूरे दिन बादल ही छाए रहे। अगले दो दिन दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोल्ड वेव चलेगी। वहीं, कोहरा भी पड़ेगा। नए साल की शुरुआत कड़ाके की सर्दी से हो रही है। जनवरी के पहले हफ्ते में पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ आने वाले हैं, जिससे न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट होगी। लगभग देश के तीन चौथाई भागों में सर्द हवाओं का विस्तार हो जाएगा। हिमाचल से जम्मू कश्मीर, जम्मू-कश्मीर से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं बिहार-झारखंड तक गलन बढ़ेगी। जम्मू-कश्मीर में एक और दो जनवरी के बीच कुछ पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने के साथ मैदानी इलाकों में बारिश होने के आसार हैं। इससे हाईवे से लेकर हवाई सेवाओं पर असर पड़ेगा।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि नए वर्ष की शुरुआत में कड़ाके की ठंड रहेगी। आज कोहरा पड़ेगा के आसार हैं। साथ ही मार्च तक गुलाबी ठंड बनी रह सकती है। भोपाल शहर के अलग-अलग स्थानों पर बने ताल-तलैयों के अलावा शहर में छोटी-बड़ी पहाड़ियों भी हैं। यही कारण है यहां हवा का सतत् प्रवाह बना रहता है। जिसके चलते मई-जून माह में दिन में भले ही कितनी भी तपिश हो, लेकिन शाम ढलते ही ठंडी हवा के झौंके सुकून देने लगते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पर्यावरण के प्रति लोगों की जागरुकता का असर संबंधित क्षेत्र के मौसम पर भी पड़ता है। नए साल के आगमन से ठीक पहले राजधानी समेत प्रदेश का मौसम ने करवट ले लिया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण ठंड भरी पछुआ हवा के प्रवाह से पटना समेत प्रदेश में ठंड में वृद्धि होने के साथ तापमान में भी गिरावट आई है। नए साल पर लोगों का स्वागत कड़ाके की ठंड से होगा। सुबह से लेकर शाम तक तेज हवा और कनकनी परेशान कर सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, अगले तीन दिनों के दौरान अधिसंख्य भागों में हल्के व मध्यम दर्जे का कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान है।

## खनौरी बॉर्डर पर चार जनवरी को महापंचायत

### मरणव्रत पर चल रहे डल्लेवाल की तबीयत नाजुक, लगातार गिर रहा है ब्लड प्रेशर

**चंडीगढ़।** फसलों की एमएसपी की लीगल गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन गत साल फरवरी माह से चल रहा है। खनौरी बॉर्डर पर ही किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का मरणव्रत आज (बुधवार) को 37वें दिन में दाखिल हो गया है। अब खनौरी बॉर्डर ही संघर्ष का केंद्र बिंदु बन गया है। काफी संख्या में लोग यहां रोजाना पहुंच रहे हैं। हालांकि मरणव्रत पर चल रहे डल्लेवाल की तबीयत ठीक नाजुक है। अब चार जनवरी को खनौरी मोर्चे पर किसानों द्वारा महापंचायत की जाएगी। किसान नेताओं ने कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल की भावना



है कि जिस किसान समाज की उन्होंने 44 वर्षों तक सेवा की है। वह महापंचायत के दौरान उन सभी के दर्शन करना चाहते हैं। इस दौरान डल्लेवाल एक संदेश लोगों के नाम जारी करेंगे। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि जगजीत सिंह डल्लेवाल का कल देर रात ब्लड प्रेशर 76/44 तक आ गया था। जो कि बेहद चिंताजनक है। जैसे उनकी तबीयत की स्थिति बनी हुई है, उस स्थिति में किसी भी समय कोई भी अनहोनी हो सकती है । इसलिए वे सभी किसानों को 4 जनवरी को खनौरी किसान मोर्चे पर अपना जरूरी सन्देश देना चाहते हैं। वहीं पटवारी और नहरी यूनियन ने भी मोर्चे पर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। किसानों का कहना है कि जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत बहुत नाजुक है । इसलिए कोई हमें नए साल की शुभकामनाओं के संदेश न भेजें। ये समय खुशी का नहीं बल्कि बड़ी चुनौतियों का सामना करने का है। सभी साथी 4 जनवरी को खनौरी किसान मोर्चे पर सुबह 10 बजे जरूर पहुंचे। साथ ही इस आंदोलन को कामयाब बनाने में सहयोग करें। इससे पहले मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में डल्लेवाल की सेहत को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान पंजाब सरकार ने बताया गया कि उनकी तरफ से डल्लेवाल व किसानों से बातचीत की जा रही है। अगर केंद्र सरकार किसानों से बातचीत कर लेती है तो उसके बाद डल्लेवाल मरणव्रत खत्म करने पर विचार कर सकते हैं। वहीं, अदालत ने पंजाब को तीन दिन का और समय डल्लेवाल को मनाने के लिए दे दिया है। अब मामले की सुनवाई दो जनवरी को होगी।

## उत्तराखंड में नए साल पर पर्यटकों से गुलजार हर्षिल, दयारा और केदारकांठा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के पर्यटन स्थलों पर नए साल का जश्न मनाने के लिए बढ़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन हो रहा है। न्यू ईयर डेस्टिनेशन के रूप में खासी ख्याति बटोर रहे केदारकांठा, हर्षिल, दयारा जैसे मनोरम स्थल इन दिनों पर्यटकों से गुलजार हैं। मंगलवार को भी हर्षिल, दयारा और सांकरी क्षेत्र में तीन हजार से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर लगभग पांच हजार से अधिक पर्यटकों के प्रवास की सूचना है। बर्फबारी के कारण इन क्षेत्रों की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं, जिससे पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। यह आगमन स्थानीय पर्यटन व्यवसायियों के लिए खुशहाली का प्रतीक बन चुका है और नए साल के जश्न के लिए पर्यटक यहां आकर अपने समय का आनंद ले रहे हैं। शीतकाल में बर्फबारी के कारण जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे हर्षिल, दयारा और केदारकांठा की सुंदरता में अद्भुत वृद्धि हो जाती है। बर्फबारी का यह दृश्य पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होता है और वे यहां आने के लिए उत्साहित रहते हैं। इस सीजन में इन क्षेत्रों में बर्फबारी हो चुकी है, जिससे दयारा और केदारकांठा बर्फ की सफेद चादर से ढंके हुए हैं। इस समय पर्यटकों की भारी संख्या यहां नए साल का जश्न मनाने के लिए पहुंची है, जिससे स्थानीय होटल, ढाबा संचालकों और पर्यटन व्यवसायियों के चेहरों पर खुशी छाई हुई है। पुलिस और प्रशासन के द्वारा भी नववर्ष पर पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। पर्यटकों की भीड़-भाड़ वाले केदारकांठा, हर्षिल, दयारा क्षेत्र में एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन के त्वरित कार्रवाई दस्ते के जवानों की टीमें भेजी गई हैं। सड़कों को सुचारू बनाए रखने के लिए भी संवेदनशील जगहों पर आवश्यक मशीनरी और मजदूरों को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने हर्षिल क्षेत्र में ब्लोअर मशीन को तैयार रखे जाने की हिदायत दी है। वहीं, सभी विभागों और संगठनों से पर्यटकों और शीतकालीन यात्रा पर आने वाले लोगों की सुविधा, सहायता और सुरक्षा के लिए तत्परता बरतने की अपील की गई है।

## छह मंदिरों पर चलेगा बुलडोजर, रुकवाने के लिए सीएम आतिशी ने एलजी को लिखी चिट्ठी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, नई दिल्ली.** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी में राजधानी के छह धार्मिक स्थलों को तोड़ने से रुकवाने का आग्रह किया है। आतिशी ने अपनी चिट्ठी में कहा कि दिल्ली में कोई भी मंदिर या धार्मिक स्थल न तोड़ा जाए। कोई भी धार्मिक स्थल तोड़ने से लोगों की भावनाएं आहत हो सकती हैं। चिट्ठी के अनुसार 22 नवंबर को एक बैठक के बाद उपराज्यपाल ने छह मंदिरों को अवैध करार देते हुए उन्हें तोड़ने का आदेश दिया है। इन मंदिरों को तोड़ने की सिफारिश धार्मिक कमेटी ने एलजी के पास भेजी थी। दिल्ली सीएम के अनुसार मंदिर और बौद्ध धार्मिक स्थल को तोड़ने से रोका जाए। उनका कहना था कि बौद्ध धार्मिक स्थलों से दलितों की आस्था जुड़ी है। कोई भी धार्मिक स्थल तोड़ना सही नहीं है। आतिशी के अनुसार धार्मिक कमेटी ने बिना मुख्यमंत्री को दिखाए मंदिर तोड़ने की फाइल स्ल को भेजी थी। बता दें इससे पहले एलजी ने सोमवार को सीएम आतिशी को चिट्ठी लिखकर नए साल की बधाई दी थी।

### इनके तोड़ने के हुए हैं आदेश

- नाला मार्केट के पास स्थित मंदिर, 26-ब्लॉक वेस्ट पटेल नगर।
- एच. नंबर 32 ए-पीकेट एन दिलशाद गार्डन पर मंदिर।
- . पार्क-I, ब्लॉक, एच. नंबर I-151, सुंदर नगरी पर मूर्ति।
- . बी-ब्लॉक, एच. नंबर 30-31, सीमा पुरी पर मंदिर।
- . एच. नंबर 395, गोकल पुरी के पास मंदिर।
- गेट नंबर 1 के पास न्यू उस्मानपुर एमसीडी फ्लैट्स के अंदर मंदिर।

## हरियाणा से टीबी खत्म करने का एक साल का लक्ष्य : आरती सिंह राव

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश से टीबी को समाप्त करने के लिए 25 मार्च-2025 तक अभियान चलेगा और दिसंबर 2025 तक एक साल में टीबी के ?त्मे का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने आज यहां जारी बयान में प्रदेश के लोगों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी और साथ ही लोगों को टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग के लिए आह्वान किया। कुमारी आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान प्रदेश स्तर पर 7 दिसंबर 2024 से शुरू हुआ था। हरियाणा सरकार ने दिसंबर 2025 तक टीबी को प्रदेश से खत्म करने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रत्येक जिला में जिला कारावास से लेकर हर शहर व गांव में जाकर टीबी मरीजों की पहचान कर रही है। इसमें टीबी युक्त पाए जाने वाले मरीजों को सरकार की योजना के तहत जांच व दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के टीबी मुक्त हरियाणा के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है। उन्होंने राज्य के चिकित्सा अधिकारियों से भी कहा कि सभी चिकित्सा अधिकारी इस अभियान को केवल एक ड्यूटी ना समझते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।



उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के मरीजों को सरकार इलाज चलने तक प्रतिमाह 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि भी देती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत चिकित्सक नागरिकों को निक्षय मित्र बनने के लिए भी प्रोत्साहित करें तथा उन्हें निक्षय पोर्टल के बारे में जानकारी दें। कुमारी आरती सिंह राव ने राज्य के नागरिकों से भी आह्वान किया है कि प्रदेशभर में चलाए जा रहे टीबी मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य की जांच के लिए आगे आएं। उन्होंने बताया कि टीबी के शुरुआती लक्षण खांसी है। दो सप्ताह से ज्यादा खांसी आना, बार-बार पसीना आना, थकावट होना, वजन घटना, सांस लेने में परेशानी आना, बुखार आना टीबी के मुख्य लक्षणों में शामिल है। ऐसे में नागरिक अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर करवाएं और स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग करें। सभी के सहयोग से ही हम अगले एक साल में प्रदेश से टीबी को खत्म कर पाएंगे।

## भारत में भिन्न-भिन्न धर्म, भाषाएं व जातियां हैं परंतु कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है : विज



**डेमोक्रेटिक फ्रंट, अम्बाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि बेटियों को आगे आने के अवसर मिलें तथा शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में कश्मीर से कन्याकुमारी तक मैराथन पर निकली हरियाणा की बेटी सान्या पांचाल अच्छा संदेश लेकर यात्रा पर निकली है और वह उसे अपनी शुभकामनाएं देते हैं।

विज आज अम्बाला छावनी पहुंची सोनीपत जिले के रूखी गांव निवासी सान्या पांचाल का स्वागत करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बच्ची नेक संदेश लेकर मैराथन कर रही है जिसका मकसद महिलाओं को आगे आने के अवसर मिलना और बताने के लिए ही हमारे देश में भिन्न-भिन्न धर्म, भाषाएं व जातियां हैं परंतु कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है। उन्होंने कहा कि नारियल केरल में समुद्र के किनारे पैदा होता है और कश्मीर में वैष्णों देवी माता के दरबार पर चढ़ाया जाता है। यह युगों-युगों से हमारी परंपरा ही है, लोगों ने हमें विखंडित करने की कोशिश है मगर कुछ तो है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। हम एक है और मिलकर एक मुट्ठी बंद करके सभी मुसीबतों का मुकाबला कर सकते है।

इस दौरान ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने मैराथन पर निकली बच्ची को प्रोत्साहन स्वरूप अपने स्वैच्छिक कोष से एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान मौके पर मौजूद सान्या के पिता सुरेश, मां ऊषा के अलावा सान्या के गांव रूखी के मौजिज लोगों व पांचाल सामाज के लोगों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज का प्रोत्साहन देने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया

सान्या पांचाल ने बताया कि उसने 13 दिसम्बर को कश्मीर के लाल चौक से अपनी मैराथन प्रारंभ की है और उसका लक्ष्य अप्रैल माह तक कन्याकुमारी में पहुंच अपनी यात्रा को पूरा करना है।

## भाजपा शासित राज्य दलित उत्पीड़न की प्रयोगशाला बनते जा रहे हैं : सांसद कुमारी सैलजा

डेमोक्रेटिक फ्रंट, **चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में दलित उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं जिन्हें रोकने में सरकारें नाकाम साबित हो रही है इतना ही नहीं दलितों की सुनवाई तक नहीं हो रही है। भाजपा सरकार वाले राज्य कुछ समय से दलितों पर अत्याचार की प्रयोगशाला बनकर रहे गए है। आरक्षित पदों पर नियुक्तियां नहीं की जा रही है। चुनाव के समय ही दलितों को रिझाने के लिए घोषणाएं की जाती है चुनाव के बाद उन्हें भूलकर उनका उत्पीड़न किया जाता है।



मीडिया का जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि ओडिशा में आदिवासी महिलाओं को धर्मांतरण के नाम पर पीटा गया, मध्यप्रदेश में दलित युवक थाने से जिंदा वापस नहीं लौटा। यह दोनों घटनाएं भाजपा शासित राज्यों में हुई हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर क्यों भाजपा शासित राज्यों में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं? दलितों पर अत्याचार की घटनाएं तो पूरे देश में हो रही हैं लेकिन हरियाणा खासकर भाजपा शासित राज्यों में पिछले कुछ समय से दलित महिलाओं से बलात्कार की वरदातों बढ़ी है तो ये राज्य दलितों पर अत्याचार की प्रयोगशाला बन गए है। यहां का दलित समुदाय साधनहीन है। छोटी-मोटी नौकरी करके या भू-स्वामियों के खेतों में मजदूरी कर अपना गुजारा करता है। उन्होंने कहा कि दलितों के लिए भारतीय संविधान में दर्ज जनवादी अधिकारों का यहां कोई मायने नहीं है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में करीब 22 प्रतिशत दलित वोटर हैं। जाट और जाट सिख बिरादरी के करीब 29 प्रतिशत मतदाताओं के बाद दलित ही सूबे में दूसरा बड़ा वोट बैंक हैं। यहां पर सभी भाईचारे के साथ रहते है पर कुछ लोग आए दिन इस भाईचारे पर प्रहार करते रहते है। दलितों पर अत्याचार होता है पर सत्ता मौन साध लेती है। सरकार के मौन साधने से दलितों पर अन्याय जारी रहता है। क्या कमजोर और पिछड़े वर्गों पर अत्याचार ही सबका साथ, सबका विकास की नई परिभाषा है? उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर स्तर पर दलित समुदाय को अपमानित और प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज दलित सिर उठाकर जीना चाहता है। पर कुछ लोगों को यह स्वीकार्य नहीं है। दलित संसाधनों के मालिकाना से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि दलित उत्पीड़न की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए।

# शहर का गंदगी संकट खत्म : डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्टर्स की हड़ताल समाप्त, निगम ने मांगे मानी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** पिछले दो दिनों से शहर की सड़कों पर गंदगी का अंबार लग गया था क्योंकि डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्टर्स अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। आखिरकार, नगर निगम ने उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए संकट का समाधान किया।

नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर गुरविंदर सोढ़ी ने कर्मचारियों के साथ बैठक में उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पहले हम कमर्शियल और मार्केट एरिया के वेतन की जांच करेंगे। इसके लिए एक समिति बनाई गई है, और इसके नतीजे जल्द ही सामने आएंगे। विवादित लेबर रेट को भी तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्टर्स यूनियन के प्रधान धर्मवीर राणा ने इस फैसले का स्वागत करते हुए सभी कर्मचारियों और



अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे संघर्ष की है। हमारे साथी कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाई और उनकी एक अपील पर सभी साथी हड़ताल के दौरान कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। इस हड़ताल ने न केवल प्रशासन को चुनौती दी, बल्कि चंडीगढ़ के नागरिकों को भी परेशान किया। हालांकि अब स्थिति सामान्य होने की ओर बढ़ रही है। नगर निगम ने भरोसा दिलाया है कि गार्बेज कलेक्टर्स की जायज़ मांगों का उचित समाधान किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

शहरवासियों ने भी इस फैसले पर राहत की सांस ली है। हालांकि, यह मामला साफ दर्शाता है कि श्रमिकों के मुद्दों को अनदेखा करना लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता।



## मां मनसा देवी मंदिर के मुख्य पुजारी सेवानिवृत

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, पंचकूला.** मां मनसा देवी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुदर्शन शर्मा मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। लंबे समय से वह मां मनसा देवी मंदिर में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस अवसर पर कीर्तन किया गया। ब?ी संख्या में लोगों ने सुदर्शन शर्मा को बधाई दी। पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी अंजू गोयल ने भी सुदर्शन शर्मा को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनके कार्यकाल की सराहना की।



## श्री बद्रीश रामलीला कला निकेतन के प्रथम वर्ष 2025 के केलेंडर का विमोचन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, चण्डीगढ़।** श्री बद्रीश रामलीला कला निकेतन, सेक्टर 30-ए के प्रथम वर्ष 2025 के केलेंडर का विमोचन गढ़वाल सभा के प्रधान शंकर सिंह पंवार, महासचिव बीरेंदर कंडारी व उप वरिष्ट प्रधान एसपी बमोला ने गढ़वान भवन, सेक्टर 29 में किया। इस अवसर पर शंकर सिंह पंवार ने बद्रीश रामलीला परिवार को प्रथम केलेंडर प्रकाशित करने पर और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। रामलीला सभा के प्रधान मोहिंदर सिंह रावत ने बताया कि केलेंडर में कई महत्पूर्ण जानकारी दी गई गई है और इसमें संस्था ली अपनी रामलीला के दोरान मंचित चित्रों का प्रयोग किया गया है। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन रघुबीर खरोला को श्री रामलीला कला उत्सव द्वारा लाइफ टाइम अवार्ड मिलने पर बधाई भी दी।

## माता की चौकी व पीर बाबा की कव्वालियों का कार्यक्रम

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, चण्डीगढ़।** लालां वाला पीर, कच्ची कॉलोनी, धनास में नववर्ष 2025 के शुभारंभ पर एक जनवरी को माता की चौकी व पीर बाबा की कव्वालियों का कार्यक्रम होगा। इस धार्मिक स्थल के संचालक गिल बाबा जी ने बताया कि उनके दरबार में ये कार्यक्रम प्रतिवर्ष होता है। इस बार मामराज भगत जी, चण्डीगढ़ वाले महामाई एवं पीरबाबा का भजन एवं कव्वालियां गाकर गुणगान करेंगे। ढोल की सेवा नीरज, मन्नू, रजनीश, आकाश, सागर व कपिल आदि करेंगे। इस अवसर पर गिल बाबा जी भोग लगवा कर कढ़ी-चावल का अटूट लंगर भी वितरित करेंगे।

## आज की शाम श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ जी के नाम एक जनवरी को

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, चण्डीगढ़।** एक जनवरी को सेक्टर 29 स्थित श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी द्वारा नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रमानुसार श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ सेवा मंडल द्वारा मंदिर परिसर में सांय छह बजे से रात्रि नौ बजे तक आज की शाम श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ जी के नाम कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें कमल किशोर, पंचकूला वाले बाबा की महिमा का गुणगान करके श्रद्धालुओं के लिए नववर्ष में मंगल कामना करेंगे। तत्पश्चात आरती एवं अटूट भंडारा होगा।

## लखवीर गुरु नानक नाम लेवा चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव बने

**डेमोक्रेटिक फ्रंट होशियारपुर, 31 दिसंबर ( तरसेम दीवाना ).** बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों की देखभाल के लिए गुरु नानक नाम लेवा चैरिटेबल फाउंडेशन (रजि.) द्वारा लाभ नगर डगाना रोड होशियारपुर में वर्ष 2013 में गुरु नानक सेवा घर की स्थापना की गई थी, जो 11 वर्षों से लगातार काम कर रहा है और यह सेवा जारी है। घर में चार महिला बुजुर्गों समेत 16 बुजुर्गों की देखभाल की जा रही है यह जानकारी एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सुरिंदर सिंह सूर यूके ने देते हुए बताया कि फाउंडेशन के काम को और बेहतर तरीके से चलाने के लिए संगठन में नई नियुक्तियां की गई हैं, जिसके सचिव भाई लखवीर सिंह और दर्शन सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है संस्थापक अध्यक्ष सुरिंदर सिंह यूके ने कहा कि गुरु नानक नाम लेवा चैरिटेबल फाउंडेशन में उनके सहित केवल तीन सदस्य हैं और इन तीन सदस्यों के अलावा किसी अन्य के पास कोई अधिकार नहीं है जिसके माध्यम से उपरोक्त प्रबंधन कर्मचारी संगठन के बारे में कोई निर्णय ले सकें। सुरिंदर सिंह यूके ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से इस संगठन को चलाने की समग्र व्यवस्था की जा रही है।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना या विस्तार के लिए दी जा रही 35 प्रतिशत सब्सिडी : उपायुक्त

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं।उपायुक्त ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म, और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। आवेदन के लिए उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी।

## आरपीएसजी ग्रुप का चंडीगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बेहतर ग्राहक सेवा मुहैया कराने पर जोर

### चंडीगढ़ के लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कंपनी की ओर से नई सेवाओं की शुरूआत होगी

### 24/7 कॉल सेंटर, व्हाट्सएप सेवा के साथ यूजर फ्रेंडली वेबसाइट, उपभोक्ता केंद्रित सेवाओं पर जोर

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** ऐमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (श्वश्वष्ठरु), ष्टश्वस्ष्ट लिमिटेड (आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप) की 100 फीसदी सहायक कंपनी चंडीगढ़ के उपभोक्ताओं को और बेहतर बिजली सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी में लगी है। आरपीएसजी ग्रुप ग्रेटर नोएडा, कोटा, बीकानेर और भरतपुर जैसे शहरों में उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के बाद अब चंडीगढ़ के उपभोक्ताओं को भी उन्नत बिजली सेवाएं प्रदान करने का संकल्प ले चुका है। ऐमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड का उद्देश्य है कि चंडीगढ़ में सभी उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और किफायती बिजली मिलने के साथ उन्हें बेहतरीन ग्राहक सेवा का भी अनुभव मिले। ऐमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड निकट भविष्य में नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए अपनी ओर से कई पहल करने जा रही है। इसमें उपभोक्ताओं के लिए तेजी से शिकायत समाधान और बिजली से संबंधित सभी समस्याओं का त्वरित हल शामिल है। कंपनी की ओर से 24/7 कॉल सेंटर और व्हाट्सएप सेवाएं शुरू करने के अलावा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कई और नई सेवाओं की शुरूआत की जाएगी। पी आर कुमार, प्रेसिडेंट, पावर डिस्ट्रीब्यूशन, आरपीएसजी ग्रुप का कहना है कि हम 24/7 कॉल सेंटर, व्हाट्सएप सेवा के अलावा, इंटीग्रेटेड कस्टमर केयर ऑफिस इत्यादि पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान हो सके। हमारा उद्देश्य चंडीगढ़ को एक आदर्श 'फ्यूचर सिटी' में बदलना है जो स्थायी ऊर्जा संसाधनों के लिए नए मानक स्थापित करेगा। संपर्क केंद्र ङ्क चंडीगढ़ के उपभोक्ता पहले की तरह संपर्क केंद्रों के माध्यम से बिल का भुगतान और दूसरे अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा ऐमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड इन सेवाओं का विस्तार करते हुए ग्राहक सेवा केंद्रों पर और अधिक सुविधाजनक तरीसे से बिल के भुगतान के लिए विकल्प उपलब्ध कराएगी। कंपनी का लक्ष्य सभी उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और आसान विकल्प प्रदान करना है। इकंपनी की ओर से इंटीग्रेटेड कस्टमर केयर ऑफिस भी स्थापित की जएगी जहां उपभोक्ताओं को सभी सेवाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। यह दफ्तर ऑनलाइन बिल भुगतान के साथ-साथ नए कनेक्शन, बिल सुधार, और अन्य सेवाओं के लिए वॉक-इन सुविधा भी प्रदान करेगा। दफ्तर में तैनात प्रशिक्षित ग्राहक सेवा अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उफभोक्ताओं की समस्या का तुरंत समाधान हो।

## डीसीपी बिक्रम बराड़ को धमकी देना मौत को मासी कहिने के बराबर है : निशांत शर्मा/दीपक शर्मा

**हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** शिव सेना हिंद की एक विशेष बैठक शिव सागर महाकाली मंदिर में आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक में विशेष रूप से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निशांत शर्मा उपस्थित हुए। इस मौके महासचिव दीपांशु सूद और पंजाब प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक शर्मा मौजूद थे। इस मौके निशांत शर्मा ने पंजाब पुलिस के डीएसपी बिक्रम बराड़ को धमकी देने वाले कुख्यात आतंकी और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के संचालक गोल्डी बराड़ पर जमकर भड़ास निकाली। शर्मा ने सख्त वार्निंग देते हुए कहा कि गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने पंजाब पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट डीएसपी विक्रम बरा? को धमकी देकर शेर के मुंह में हाथ डाला हैं, इस का अंजाम बहुत भयानक होगा।

शर्मा ने कहा कि एनकाउंटर स्पेशलिस्ट डीएसपी विक्रम बरा? पंजाब के गैंगस्टरों के लिए खौफ से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि



गैंगटस्टो को मौत की नींद सुलाने वाले डीसीपी को धमकी देना मौत को मासी कहिने के बराबर है । उन्होंने कहा कि कोई भी गैंगस्टर और आतंकी कानून को हाथ में लेगा तो या तो उस का एनकाऊंटर होगा या उसे मौत की नींद सुला दिया जाएगा या उन्हें सलाखों के पीछे धकेल दिया जाएगा। इस मौके निशांत शर्मा और दीपक शर्मा ने कहा कि पंजाब का जो भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा वो सख्त से सख्त कार्रवाई भुगतने के लिए तैयार रहे। मौजूदा गैंगस्टरों को इतिहास से सीख लेनी चाहिए कि कैसे पंजाब पुलिस के जाबांज अधिकारियों ने अपराधियों को मिट्टी में मिला दिया।

## 35 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति के समय गुरु का सुकराना : डॉ. खेड़ा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** मानवाधिकार मंच के जिला अध्यक्ष एवं बिजली बोर्ड के जेई अमरीक सिंह काहलो ने 35 वर्ष की सरकारी ड्यूटी पूरी करने के बाद 31-12-2024 को अपना 58वां जन्मदिन मनाया अपने जीवन में, उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का धन्यवाद करने के लिए ओट का आश्रय लिया। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जसवन्त सिंह खेड़ा, राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. राम जी लाल, राष्ट्रीय संयोजक गुरकीरत सिंह खेड़ा और निजी सचिव हुसन लाल सूंड विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कर्मचारी संगठन, गुरु घर और



मानवाधिकार मंच की ओर से अमरीक सिंह को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. खेड़ा ने कहा कि अमरीक सिंह काहलो हमेशा अपने दैनिक कर्तव्यों के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी ईमानदारी और खुशमिजाजी के साथ काम करते रहे हैं। अमरीक सिंह काहलो ने आए हुए सभी रिश्तेदारों, संस्था के पदाधिकारियों और बिजली बोर्ड के कर्मचारियों का धन्यवाद किया, उन्होंने यह भी कहा कि मैं हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा। जसपाल सिंह के अलावा, परमजीत सिंह, सुखविंदर सिंह और, कुलदीप सिंह, दर्शन सिंह, गुरनेक सिंह, रमेश कुमार, अमनदीप सिंह, जगतार सिंह, जसवीर सिंह, अमरजीत सिंह, राजिंदर सिंह नंगल जाट, गुरनाम सिंह, रसन सिंह, दिलबर सिंह। कमलप्रीत सिंह हुंदल और सरबजीत सिंह काला आदि भी शामिल हुए।





ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372

# एक नजर

## उपायुक्त ने अधिकारियों को समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने के दिए निर्देश

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने जिलावासियों की समस्याओं को सुना और उनको प्राथमिकता के आधार पर समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इस मौके पर नगराधीश विश्वनाथ मौजूद रहे।उपायुक्त ने सभी जिलावासियों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने की अपील की। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने जिले की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। लोगों की समस्याओं का समाधान करने में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने बताया कि पंचकूला जिला में तीन स्थानों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शहरी लोगों की समस्याओं को नगर निगम के सेक्टर-4 स्थित कार्यालय में सुना जा रहा है। वहीं कालका विधानसभा के लोगां के लिए एसडीएम कार्यालय कालका में समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इसके अलावा जिला स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर प्रत्येक कार्यदिवस में आयोजित हो रहा है। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मोगीनन्द कॉलोनी व गढ़ी कोटा के निवासियों ने पानी की पूर्ति बढ़ाने की अपील की। वहीं रत्तेवाली गांव सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने के निर्देश दिए गए।

## खेल उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से नकद पुरस्कार के लिए 10 जनवरी तक मांगे आवेदन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 की खेल उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार तथा छात्रवृति के लंबित आवेदन पत्र आमंत्रित करने बारे। पात्र व्यक्ति 10 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि 01 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 के दौरान की खेल उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता/प्रतिभागी खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार तथा छात्रवृति प्रदान करने हेतू पूर्व वर्षों की तरह आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे, जिसकी अंतिम तिथि 30/07/2024 थी। उन्होंने बताया कि राज्य के जो खिलाड़ी उक्त अंतिम तिथि तक 01 जनवरी 2023 से 31मार्च 2024 तक की खेल उपलब्धियों हेतू नकद पुरस्कार तथा छात्रवृति हेतू आवेदन करने से वंचित रह गए थे। उनके लिए 10 जनवरी 2025 तक उक्त खेल उपलब्धियों हेतू आवेदन करने की तिथि बढ़ाई जाती है। उन्होंने बताया कि पात्र खिलाड़ी संबंधित जिले के जिला खेल अधिकारी को दिनांक 10 जनवरी 2025 तक आवेदन करें। इस अन्तिम तिथि के बाद कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का नमूना विभाग की वेबसाईट www.haryanasports.gov.in पर उपलब्ध है।

## रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिव्यांग बच्चो ने किया नव वर्ष का आगाज



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर उत्थान संस्थान की कोशिश इकाई के बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर नए साल का आगाज किया।सभी बच्चो ने बढ़ चढकर कार्यक्रम मे भाग लिया।महान शिक्षाविद् डॉक्टर पी के बाजपई जी ने सभी को नव वर्ष कि हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की नया साल यह केवल एक नई शुरुआत ही नहीं बल्कि यह हमें निरंतर आगे बढ़ने की, कुछ न कुछ सीखने की सीख भी देता है। बीते वर्ष में हमने जो भी किया, सीखा, सफल हुए या असफल उससे सीख लेकर, एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। एक तारीख लगते ही नववर्ष लगा जाता है यानी सभी के लिए नए-नए अवसर लेकर आता है, इस दिन हमें ईश्वर का शुक्रिया अदा करके नई शुरुआत करनी चाहिए।उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई जी ने सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमे पुराने साल के समाप्त होने पर दुखी नही बल्कि नए साल का स्वागत बड़े उत्साह और खुशी के साथ करना चाहिए। जीवन में बीते हुए समय को लेकर हमें दुखी नहीं होना चाहिए। जो बीत गया उसके बारे में सोचने की अपेक्षा आने वाले अवसरों का स्वागत करना चाहिए और उनके जरिए जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए।प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा जी ने सभी को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को नववर्ष पर पुराने दुख और बुरे अनुभवों को भूलाकर सभी के अच्छे स्वास्थ्य, अच्छा भाग्य और सुख की कामना करनी चाहिए। क्योंकि इस वर्ष मिले सबक और अनुभवों पर विचार करते हुए नए वर्ष का खुशी के साथ स्वागत करना चाहिए।इससे हमारे जीवन मे कृतज्ञता,खुशी और नए अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।कुछ लोग कुछ पल रुकते हैं, पीछे मुड़कर देखते हैं और भविष्य के लिए एक नई शुरुआत करते हैं।यह लोगों को अपने सपनों को हासिल करने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# मेरा आशीर्वाद सदैव वीरेश शांडिल्य व उनके परिवार के साथ : ज्ञानानंद महाराज

### अंतर्राष्ट्रीय संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का विश्व हिन्दु तख्त प्रमुख शांडिल्य के निवास पर जोरदार स्वागत

### शांडिल्य बोले - गीता के प्रचार के साथ ही विकलागों के मुफ्त इलाज का बीड़ा उठाये स्वामी ज्ञानानंद को नमन



**डेमोक्रेटिक फ्रंट अंबाला।** गीता को भारत सहित विश्व में बैठे लोगों तक पहुंचाने में वर्षों से अहम भूमिका निभा रहे अंतर्राष्ट्रीय संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दु तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य के सेक्टर 1 निवास पर सैंकड़ों लोगों ने जोरदार स्वागत किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का अपने आवास पर आगमन पर वीरेश शांडिल्य, उनकी धर्मपत्नी पंकज शर्मा, बेटे एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य, शिव रंजन शांडिल्य, रमा शर्मा, किरण शर्मा, वंश शांडिल्य, रेणू खुराना, नायब कौर, भारती जैन, ममता सेठ, सफाली शांडिल्य, श्रीमती रमा शर्मा, तान्या शर्मा, मेघा शर्मा, रीना शर्मा, नीलम शर्मा, मोहित शांडिल्य, सुधीर शर्मा, एडवोकेट मोहित सहगल, एडवोकेट जगदेव सैनी, एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव नवरत्न गर्ग, एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के पंजाब के प्रभारी मनीष पासी, राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र पाल केके, विश्व हिन्दु परिषद के अशोक कक्कड़, एकता क्लब के रवि सेठी, एडवोकेट अनमोल सैनी, राजन ढींगरा, सतविंदर अग्रवाल, नरेंद्र नरूला, भाजपा नेता साहिल कक्कड़, अवि धीमान, केजी गुप्ता, गौरव, एसए जैन कॉलेज के प्रिंसीपल मुकेश जैन, मनजीत सिंह, वीके छिब्बर, दीपक नटराज, सुरेश शर्मा, जनक राज अग्रवाल, आरसी नारंग, महेंद्र पाल धीमान, राजिंदर सिंह बिट्टू जट्ट, जीवो गीता के चेयरमैन दिनेश ग्रोवर, राजू चावला, अमित सहित सैंकड़ों लोगों ने एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया एवं विश्व हिन्दु तख्त के पदाधिकारियों ने सेक्टर 1 जेल लैंड में स्थित वीरेश शांडिल्य के आवास पर पुष्प मालाओं और फूलों के गुलदस्ते देकर जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को वीरेश शांडिल्य के निमंत्रण पर कई सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित विश्व हिन्दु तख्त व एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के पदाधिकारियों ने दोशाला व प्रतिमाएं दी। वीरेश शांडिल्य व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पंकज व एडवोकेट वासु रंजन ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को भगवान कृष्ण की प्रतिमा व वीरेश शांडिल्य ने दोशाला व मोतियों की माला भेंट की। इस मौके पर वीरेश शांडिल्य ने स्वामी ज्ञानानंद को अंबाला का गौरव बताया क्योंकि वह पूरे देश दुनिया में गीता का प्रचार प्रसार कर सनातन धर्म को मजबूत कर रहे हैं। विश्व हिन्दु तख्त व एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने कहा कि वह उस कोख को नमन करते हैं जिस कोख ने स्वामी ज्ञानानंद को जन्म दिया जो देश व विश्व को दिशा व दशा दे रहे हैं और अपनी संस्कृति को मजबूत कर रहे हैं। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद भारत के नहीं विश्व के संत हैं उन्होंने गीता के प्रसार प्रचार के साथ साथ हजारों विकलांग बच्चों के सफल ऑपरेशन करवाए जो उनकी इंसानियत की पूजा का संदेश है। उन्होंने स्वामी ज्ञानानंद की मौजूदगी में कहा कि वह हमेशा देश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ते रहेंगे और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच पर काम करते रहेंगे और आतंकवाद के खात्में के लिए अपने प्राणों की आहूति देने को भी तैयार रहेंगे। इस मौके पर स्वामी ज्ञानानंद ने कहा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने एक कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के महत्वपूर्ण संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता हर व्यक्ति को उसके जीवन और कार्यक्षेत्र के अनुसार मार्गदर्शन देती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष वे प्रत्येक व्यवसायिक व्यक्ति को उनके काम के अनुरूप गीता से जोड़ने का प्रयास करेंगे। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने यह भी कहा कि शांडिल्य परिवार उनका अपना परिवार है, और वे समय-समय पर इस परिवार को आशीर्वाद देने आते रहते हैं। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि वीरेश शांडिल्य बहुत साहस से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं जो उनकी सोच राष्ट्रवाद को समर्पित है और जो सोच आजादी की लड़ाई लड़ने वाले भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, मदनलाल ढींगरा, खुदीराम बोस,असफाक उल्ला खान, उधम सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे शूरवीरों की थी उसी सोच पर वीरेश शांडिल्य एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के माध्यम से आतंकवाद केखिलाफ लड़ रहे हैं और उसके साथ साथ विश्व हिन्दु तख्त की तरफ से सनातन को मजबूत करने की भी मुहिम छेड़े हुए हैं। वीरेश शांडिल्य ने विश्व हिन्दु तख्त की तरफ से दिव्य गीता सत्संग के लिए स्वामी ज्ञानानंद को 11 हजार का चेक भेंट किया और कहा कि गीता प्रसार प्रचार में उनकी यह पहल गिलहरी जैसी है और हर सनातनी को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी संस्कृति को बचाने व जीओ गीता को घर घर पहुंचाने में स्वामी ज्ञानानंद के साथ जन आंदोलन तैयार करें ठीक सुभाष चंद्र बोस की तरह तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उन्होंने गीता के एक विशेष संदेश पर बल दिया कि गीता हमें मोह छोड़कर प्रेम को अपनाने की शिक्षा देती है। मोह स्वार्थ पर आधारित होता है, जबकि प्रेम निस्वार्थ और अटूट होता है। जहाँ प्रेम होता है, वहाँ दरार या स्वार्थ की कोई गुंजाइश नहीं रहती। स्वामी जी ने गीता के माध्यम से कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने महाभारत के प्रसंग का उदाहरण देते हुए कहा कि गुरु द्रोणाचार्य ने विपक्ष में होने के बावजूद अपने शिष्य अर्जुन को आशीर्वाद दिया और अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। युद्ध में युधिष्ठिर ने भी गुरु द्रोणाचार्य से आशीर्वाद लिया और बुराई के खिलाफ जीत सुनिश्चित करने के लिए उनकी अनुमति मांगी। गुरु द्रोणाचार्य ने भी गुरु के रूप में अपने धर्म का पालन करते हुए उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। स्वामी जी का यह प्रेरणादायक संदेश हमें प्रेम, कर्तव्य और निस्वार्थता के मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है, जो गीता के मूल सिद्धांतों का सार है। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने ओटीटी प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में युवा इन प्लेटफॉर्म्स से जुड़कर असभ्य बातें सीख रहे हैं, जो समाज और उनकी प्रगति के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अब घर-घर जाकर युवाओं को श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गीता के माध्यम से उन्हें जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना का महत्व सिखाया जाएगा। स्वामी जी ने गीता का सार बताते हुए कहा कि गीता सिखाती है कि हर व्यक्ति को अपने कार्य के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी कर्तव्य हमें सौंपा गया है, उसे यह सोचकर पूरा करना चाहिए कि इससे समाज का कल्याण कैसे हो सकता है। यदि हम स्वयं के हित की बजाय दूसरों के कल्याण के उद्देश्य से काम करेंगे।



## सरकारी स्कूल के बच्चों ने हिंदी में सीखी कोडिंग

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला।** पंचकूला के गांव बुढनपुर स्थित सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले पांचवी कक्षा के करीब 40 विद्यार्थियों ने कंप्यूटर प्रशिक्षण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए हिंदी में कोडिंग सीख कर नए आयाम स्थापित किए हैं। भविष्य में कंप्यूटर के क्षेत्र में नई तकनीक को सीखना इन विद्यार्थियों के लिए आसान हो गया है। कोर्स पूरा करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद स्कूल प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने कहा कि आशी हरियाणा द्वारा यहां पहले केवल बच्चों को कंप्यूटर का बेसिक कोर्स करवाया जा रहा था, लेकिन सितंबर माह के दौरान प्रयोग फाउंडेशन व एपकॉडर की टीम ने मिलकर यहां बच्चों के हिंदी में कोडिंग का कोर्स शुरू करवाया। जिससे बीपीएल परिवारों के बच्चों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि भविष्य में इनके करियर में भी इसका लाभ मिलेगा। स्कूली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए आशी हरियाणा के उपाध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह कोर्स करने के बाद सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले निम्न वर्गीय बच्चे भी आज बड़े-बड़े मॉडल स्कूलों के बच्चों की बराबरी कर रहे हैं। ट्राईसिटी में यह अपनी तरह का पहला प्रयोग है।

## टोल टैक्स के नाम पर हरियाणा की जनता से हो रही हजारों करोड़ की लूटः हुड्डा

### लागत से कई गुणा ज्यादा मुनाफा कूट रही टोल कंपनियां : हुड्डा

### आम आदमी पर पड़ रही चौतरफा टैक्स और महंगाई की मार : हुड्डा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** सड़क निर्माण की लागत 2747 करोड़ रुपए और वसूली 4489 करोड रुपए, फिर भी टोल को बंद नहीं किया जा रहा है। इस तरह हरियाणा की जनता से टोल के नाम पर हजारों करोड़ रुपए की लूट हो रही है। घग्गर टोल प्लाजा का उदाहरण देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने टोल टैक्स की लूट का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि आरटीआई के जरिए सामने आई ताजा जानकारी से स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी सरकार से मिलीभगत कर कंपनियां टोल टैक्स के नाम पर लागत के मुकाबले कई गुना ज्यादा मुनाफा कूट रही हैं। आम जनता पर टैक्स और महंगाई की मार पड़ती जा रही है और सरकार सबकुछ देखकर भी अनदेखा कर रही है।

हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कुल 57 टोल प्लाजा आज की तारीख में वसूली करने में लगे हैं। घग्गर और घरौंडा टोल की टैक्स कलेक्शन की समय अवधि खत्म हो चुकी है। यहां से कंपनियां लागत के मुकाबले कहीं ज्यादा मुनाफा कमा चुकी हैं। बावजूद इसके यहां आम जनता से करोड़ों रुपये की वसूली जारी है। प्रदेश में ऐसे कई टोल प्लाजा हैं, जिनकी या तो मियाद पूरी हो चुकी है या फिर लागत और मुनाफा। नियमों के मुताबिक उनको बंद किया जाना चाहिए। लेकिन सरकार की मिलीभगत के चलते वाहन चालकों को अभी भी लूट का शिकार होना पड़ रहा है।

नियम तो यह भी है कि दो टोल के बीच कम से कम 60 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए। लेकिन हरियाणा में जीटी रोड से लेकर सोहना और गुड़गांव में ऐसे कई टोल हैं, जहां 60 किलोमीटर से कम दूरी में अवैध वसूली हो रही है। हैरानी की बात यह है कि सरकार आरटीआई से जवाब मांगने पर ये तक बताने को तैयार नहीं है कि ये अवैध वसूली कबतक जारी रहेगी। जनता से यह बेरोकटोक लूट बंद होनी चाहिए।

## अपराध के दृष्टीकोण से ये साल रहा अच्छा, चोरी, लूट व डकैती की घटनाएं हुई कम

### इस साल कई वाहन चोर गैंग का सफाया कर पहुंचाया सलाखों की पीछे

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** अपराध के दृष्टीकोण से ये साल 2024 पंचकूला जिला के लिए अच्छा रहा है।

पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार पुलिस उपायुक्त पंचकूला हिमाद्रि कौशिक के नेतृत्व में जिला में अपराध पर काबू पाने हेतु 4 क्राइम युनिट का गठन किया हुआ है इसके अलावा थाना स्तर पर भी थाना प्रबंधक व अनुसंधान अधिकारी ने जिम्मेदारी निभाते हुए अपराध में कमी लाने हेतु भरसक प्रयास किए है इसके अलावा यातायात पुलिस, डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मी, राइडर व अन्य विभागों में कार्यरत पुलिस कर्मचारियों ने इमानदारी से ड्यूटी निभाते हुए इन आंकडों में सुधार लाने में मदद की है। ऐसे पुलिसकर्मियों का हौसला बढाने हेतु उन्हें समय-समय पर पुरस्कृत भी किया जाता है।

आंकडो के अनुसार वर्ष 2023 की तुलना में इस साल अपराधिक मामलों में कमी आई है। इस साल वाहन चोरी की घटनाएं 344 जबकि पिछले वर्ष 356 घटनाए सामनें आई । इस साल कई बडे वाहन चोर गैंग का भी पर्दाफाश किया है इसके अलावा पशु चोरी की घटनाएं पिछले साल की तुलना में 75त्न कम घटी है जिसमें पिछले वर्ष 8 मामलें व इस वर्ष सिर्फ 2 मामलें सामनें आए है इसके साथ ही लूट व डकैती की घटनाएं पिछले साल की तुलना में कम घटी है पिछले साल लूट/डकैती के के 18 मामलें दर्ज हुए थे जबकि इस वर्ष सिर्फ 12 मामलें दर्ज हुए है ।

इसके अलावा पुलिस प्रवक्ता नें बताया कि थाना स्तर पर पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में जिला में 24 घण्टे नाकाबंदी व पेट्रोलिंग गश्त बढाई गई है जिस सन्दर्भ में थाना स्तर पर 11 स्पेशल नाके लगाए हुए है जिनके द्वारा हर व्यक्ति तथा वाहन पर कडी निगरानी की जा रही है इसके साथ साथ गूगल तकनीकी की मदद से हर ट्रैफिक नियम की उल्लंघना इत्यादि व्यक्ति की डिटेल रिकार्ड की जा रही है जिससे पिछले वर्ष की तुलना में चोरी की घटनाओ में कमी हुई है पिछले साल साधारण चोरी की 306 मामलें दर्ज हुए थे और जबकि इस वर्ष सिर्फ 270 मामलें सामनें आएं । इसी के साथ घर में चोरी की पिछले वर्ष 278 घटनाएं और इस वर्ष 191 मामलें दर्ज हुए है । इसके अलावा पिछले वर्ष स्नैचिंग की 58 घटनाए व इस वर्ष 54 दर्ज हुई है । जबरदस्ती बसूली के मामलें पिछले साल की तुलना में आधे रहे है। जहां पिछले साल ऐसे मामलें 12 दर्ज हुए थे इस साल सिर्फ 6 मामलें सामने आए है। इसके अलावा स्नैचिंग की की घटनाएं भी इस साल 6.9 प्रतिशत कम घटी है ।

गौरतलब है कि पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक ने मार्च 2024 में पंचकूला पुलिस उपायुक्त का पदभार संभालते ही अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाते हुए जिला वासियों के सहयोग की अपील की थी । जिसकी वजह से अपराध मे काबू पाने में सफलता मिली है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनका प्रयास केवल अपराधों पर अंकुश लगाना ही नहीं बल्कि समाज की मानसिक प्रवृति में बदलाव कर अपराधों को जड़ से मिटाना है। जैसा की पुलिस का स्लोगन है - सेवा, सुरक्षा और सहयोग। उसी पर कार्य करते हे अपराधों में कमी लाई जा रही है और आगे भी प्रयास जारी रहेगा। पंचकूला पुलिस का हरसंभव प्रयास है कि पीड़ित को बिना किसी भेदभाव व कम से कम समय में उचित न्याय दिलाया जाये और निष्पक्ष व प्रभावी जांच कर असल आरोपी को गिरफ्तार करके सख्त सजा दिलाई जाये

## डेमोक्रेटिक फ्रंट

### दुनिया में जालिम लोग पड़े हैं...?

इस दुनिया में ऐसे जालिम लोग भी पड़े हैं,
हमसे करवा ही लेते हैं ऐसे बहुत सारे काम!
वे मेहनताना भी नहीं देते और नोचने खड़े हैं।

क्या बात करें इनकी सर पे ही आ के खड़े हैं,
हमको दिखा देते हैं बिना यात्रा के चारों धाम!
हम जा रहे घर, रास्ता है जाम वे रोकने खड़े हैं।

चित भी मेरी पट भी मेरी की तर्ज पर ये अड़े हैं,
हमको ही दिखाते आँख, ऊंची करते हैं नाक!
हमारी हस्ती मिटाने पूरी ताकत झोंकने चले हैं।

धन की माया में गठरी लेकर आकंठ डूब चले हैं,
अब पूरे देश में हो गया है इनका जबरदस्त नाम!
द्रोहियों के आगे सिर झुका तलवे चाटने चले हैं।



**संजय एम. तराणेकर**
**( कवि, लेखक व समीक्षक )**
**इन्दौर- ( मध्यप्रदेश )**

# नववर्ष 2025 सभी के लिए मंगलमय हो, विकास के पथ पर प्रदेश यूं ही आगे बढता रहे : सीएम सैनी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष 2025 सभी के लिए मंगलमय हो, विकास के पथ पर प्रदेश यूं ही आगे बढता रहे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में हरियाणा अपनी अग्रणी भूमिका निभाए। इसके लिए प्रदेश के सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। मुख्यमंत्री मंगलवार सांय अम्बाला शहर पुलिस लाईन मैदान में आयोजित पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार के तत्वाधान में इस गीता सत्संग का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिओ गीता को अपने स्वैच्छिक कोष से 11 लाख देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में 27 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक दिव्य गीता सत्संग का आयोजन हुआ है जिसमें सभी श्रद्धालुओं को श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान मिला है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बडे ही सौभाग्य की बात है कि हरियाणा की पवन भूमि कुरुक्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण ने मोहग्रस्त अर्जुन को गीता का संदेश दिया था। गीता के इस कर्म के संदेश को देश दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाना है हरियाणा सरकार कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्टीय स्तर पर गीता जयंती महोत्सव का आयोजन कर इस कार्य को कर रही है तथा इसी कड़ी में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में अंतर्राष्टीय गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम हुए हैं । उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र में आयोजित हुए गीता जयंती महोत्सव में इस बार भी 50 लाख से अधिक लोगों ने शिरकत की है तथा पूरी दूनिया में लाखों लोग वरच्यूल माध्यम से भी इस महोत्सव से जुडे है। उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र के 48 कोस की परिधि में आने वाले महाभारतकालीन 182 तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार करने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि पर जहां भगवान श्री कृष्ण ने ज्ञान व कर्म का संदेश दिया था वहां पर 250 करोड रूपए की लागत से महाभारत थीम पर आधारित ज्योतिसर अनुभव केन्द्र व संग्राहलय का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की गौशालाओं के बजट को 40 करोड रुपए से बढाकर 400 करोड रूपए किया गया है तथा बेसहारा गौवंश को नंदिशाला व गौशालाओं में पहुंचाया जाएगा, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने भजन भाव के द्वारा श्रद्धालुओं को गीता का ज्ञान दिया। उन्होने कहा कि श्रीमदभगवगीता योगशास्त्र के साथ-साथ प्रयोगशास्त्र भी है और इसमें सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने भजन के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, जीयो गीता के पदाधिकारीगण व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विख्यात अभिनेता स्वप्निल जोशी ने फूड ट्रेल बीगॉस ग्राहक हैंडओवर का किया नेतृत्व



**पुणे/मुंबई.** इलेक्ट्रिकल समाधानों के क्षेत्र में दिग्गज कंपनियों में से एक – आरआर केबल, और आरआर ग्लोबल के घराने से जीवनशैली को बेहतर बनाने वाले समाधान, बीगॉस ने पुणे में प्रसिद्ध अभिनेता स्वप्निल जोशी के साथ एक शानदार कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में स्टाइल, स्थिरता और पाककला के रोमांच का बेहतरीन मिश्रण किया गया। इस समारोह के केंद्र में अपने नवीनतम ग्राहकों के लिए एक भव्य हैंडओवर समारोह था, जिसके बाद रोमांचक बीजी ईट्स फूड ट्रेल का आयोजन किया गया – पुणे के बेहतरीन पाककला स्थलों के माध्यम से एक लजीज यात्रा। बीगॉस के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री हेमंत काबरा ने कहा, बीगॉस में, हमारा विज़न गतिशीलता से परे है – हमारा लक्ष्य एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जहां नवाचार, स्थिरता और सांस्कृतिक अनुभव एक साथ आते हैं। RUV350 और C12 आधुनिक यात्रियों के लिए प्रदर्शन, शैली और आगे बढ़ने का एक स्वच्छ तरीका लेकर आते हैं।

पुणे के जीवंत पाक परिदृश्य के माध्यम से इन वाहनों का जश्न मनाकर, हम साझा मूल्यों और सार्थक अनुभवों से प्रेरित समुदाय को बढ़ावा दे रहे हैं। हम स्वप्निल जोशी के साथ जुड़कर रोमांचित हैं क्योंकि हम नए ग्राहकों का स्वागत करते हैं, जो सभी को एक हरियाली भरे, अधिक जुड़े हुए भविष्य को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। सुपरस्टार स्वप्निल जोशी ने कार्यक्रम में कहा, मुझे हमेशा से इलेक्ट्रिक स्कूटरों का शौक रहा है और वे किस तरह से हमारे यात्रा करने के तरीके को बदल रहे हैं, जिससे यात्रा अधिक स्वच्छ, स्मार्ट और अधिक आनंददायक बन रही है। इस बदलाव में BGauss को सबसे आगे देखना रोमांचक है, जो अत्याधुनिक तकनीक को हरित कल के लिए एक दृष्टिकोण के साथ मिला रहा है। पुणे में आज का कार्यक्रम – जहाँ हमने स्थानीय व्यंजनों के आनंद को अगली पीढ़ी के ईवी के रोमांच के साथ जोड़ा – वास्तव में स्थायी प्रगति की भावना का प्रतीक है। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ क्योंकि हम सभी नवाचार और जिम्मेदार विकल्पों द्वारा परिभाषित भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। स्वप्निल ने बीगॉस के प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहनों- RUV350 और C12 के नए मालिकों को चाबियां सौंपीं। अपने विशिष्ट करिश्मे के साथ, जोशी ने ग्राहकों के साथ खुशी के क्षण साझा किए और पर्यावरण के अनुकूल गतिशीलता समाधानों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। इस विशेष बातचीत ने इस मील के पत्थर के आयोजन को एक व्यक्तिगत और यादगार स्पर्श दिया।


# अभिनेत्री शीना चौहान
## ने रंगमंच की जड़ों में की वापसी



**मुंबई.** प्रसिद्ध अभिनेत्री और मानवाधिकार अधिवक्ता शीना चौहान ने हाल ही में आईआईटी बॉम्बे के प्रतिष्ठित मूड इंडिगो उत्सव में सड़क नाटक प्रतियोगिता के लिए एक न्यायाधीश के रूप में कार्य करते हुए अपने रंगमंच की जड़ों में वापसी की। यह क्षण शीना के लिए एक पूर्ण वृत्त यात्रा के रूप में चिह्नित हुआ, जिन्होंने अस्मीता थिएटर में प्रशंसित अरविंद गौर के मार्गदर्शन में पांच साल के रंगमंच के साथ अपने करियर की शुरुआत की। अपने शुरुआती वर्षों में, शीना स्ट्रीट थिएटर में गहराई से डूबी हुई थीं, उन्होंने एक मामुली आदमी, गांधी और अंबेडकर जैसे 21 प्रभावशाली नाटकों में प्रदर्शन किया था। इन प्रस्तुतियों में से प्रत्येक ने गैर-भेदभाव का अधिकार, जीवन का अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित बुनियादी मानवाधिकारों के विषयों की खोज की। इन सड़क प्रदर्शनों के माध्यम से, शीना को अपना काम मिला: सामाजिक परिवर्तन को प्रेरित करने और समाज में अन्याय को उजागर करने के लिए कला का उपयोग करना। शीना ने मूड इंडिगो में कहा, 卐स्ट्रीट थिएटर से मेरी यात्रा शुरू हुई। उन्होंने कहा, 卐कलाकार की आवाज समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कलाकार उस संस्कृति में जीवन की सांस लेता है जो उसे जीवित रखती है। कलाकार की आवाज़ को किसी भी अन्य आवाज़ से ऊपर सुना जाता है क्योंकि यह एक ऐसी आवाज़ है जो कला और सुंदरता और सच्चाई को उन संदेशों तक ले जाती है जिनकी हम सबसे अधिक परवाह करते हैं। और इसलिए मैं कला में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रोत्साहित करना चाहता हूं कि वह आपके पास जो कुछ भी है उसे दे और दुनिया को बदलने के लिए अपना सच बोले। मूड इंडिगो में 11 क्वालीफाइंग टीमों को देखते हुए, शीना ने प्रतिबिंबित किया कि कैसे प्रदर्शन उनके अपने शुरुआती काम की सक्रियता और जुनून को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने प्रत्येक टीम को ह्यूमनराइट्स.कॉम से एक मानवाधिकार पुस्तिका उपहार में दी, जो युवा कलाकारों को मौलिक अधिकारों को समझने और वकालत करने के लिए सशक्त बनाती है।



# निर्माता मंजू भारती ने किया पांच फिल्मों को लॉन्च




**मुंबई ( अनिल बेदाग ).** विवेक फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की निर्माता मंजू भारती ने सितारों से सजे एक कार्यक्रम में पांच महत्वपूर्ण फिल्मों की एक महत्वाकांक्षी लाइनअप का अनावरण किया, जो विभिन्न विधाओं में मनोरंजन को दुबारा और नए तरीके से परिभाषित करने का वादा करती है। इस लॉन्च कार्यक्रम में फ्रेडी दारूवाला, रजनीश दुग्गल, गोविंद नामदेव, प्रमोद पाठक, मुकेश जे. भारती, आनंद कुमार, बृजेंद्र काला, महेश ठाकुर, अर्पित रांका, प्रवीण सिसोदिया, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल जैसे जाने-माने अभिनेता और अन्य क्षेत्रों के दिग्गज शामिल हुए। ऐसे में यह कार्यक्रम इंडस्ट्री के लिए एक यादगार अवसर बन गया। अभिनेता मुकेश जे. भारती के साथ मिलकर बैनर के विजन पर जोर देते हुए मंजू भारती ने क ?हा कि वह (मुकेश जे. भारती) अनूठी कहानियों और असाधारण कलात्मकता के साथ आकर्षक कहानियां बनाएं। मंजू ने कहा, %विवेक फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की स्थापना आज से बारह वर्ष पहले 2012 में मेरे द्वारा गई थी। ऐसे में हम ऐसी फिल्में देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो दुनियाभर के दर्शकों को पसंद आए। इन पांच परियोजनाओं के साथ हमारा लक्ष्य अब कहानी और मनोरंजन में नए मानकों को स्थापित करना है। कार्यक्रम में एमके शिवाक्ष द्वारा निर्देशित एवं मनोरंजक ड्रामा मोचन और दूसरे मौकों के संघर्षों पर आधारित %रिकवरी%, आर्यन सक्सेना द्वारा निर्देशित एक पिता और बेटी के बीच के बंधन को दर्शाने और दिल को छू लेने वाली कहानी पर आधारित %पापा की परी%, डडली द्वारा निर्देशित एक्शन से भरपूर बेहतरीन मनोरंजक थ्रिलर %वायलेंस%, बिलाल कुरैशी के निर्देशन में तैयार प्रेम, रिश्तों और सामाजिक मानदंडों के बारे में सच्ची घटना पर आधारित भावनात्मक ड्रामा %केतन और बीना% और प्रमोद पाठक निर्देशित पिता-पुत्र के संबंधों की जटिल गतिशीलता की जांच करती भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा %माई फादर% जैसी पांच फिल्में रिलीज की गईं।

विवेक फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस के पीछे लगातार प्रेरक शक्ति रहे अभिनेता मुकेश जे. भारती ने इस अवसर पर हर्ष जताते हुए कहास, %ये पांचों फिल्में सिनेमा के प्रति हमारे जुनून और सार्थक कहानी कहने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट में एक अनूठा स्वाद है, जो दर्शकों के हर वर्ग को अवश्य पसंद आएगा। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में निर्देशकों की रचनात्मक दृष्टि प्रदर्शित करके फिल्मों के प्रति उनमें उत्सुकता भी पैदा की गई। इस तरह की विविधतापूर्ण लाइनअप के साथ विवेक फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस का लक्ष्य गहन ड्रामा से लेकर हल्के-फुल्के मनोरंजन के जरिये दर्शकों के विभिन्न वर्ग के सिनेमाई स्वाद को संतुष्ट करना है। मंजू भारती के नेतृत्व और मुकेश जे. भारती का अटूट समर्थन स्टूडियो की कालातीत सिनेमाई अनुभव बनाने की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करता है। फिल्मों का निर्माण जल्द शुरू होगा, जबकि इनकी रिलीज 2025 और 2026 में होने की उम्मीद है। पूरे कार्यक्रम की मेजबानी सिमरन आहूजा ने की।

# विदेशी ग्रामीण इलाके में परिवार के साथ समय बिताती कैमरे में कैद हुई सोनम कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर नए साल का जश्न खास अंदाज में मनाने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री न्यू ईयर पर परिवार और बढ़िया खाने के साथ विदेशी ग्रामीण इलाके में बिता रही हैं, जिसकी झलक उन्होंने दिखाई। पिछली बार मूवी 'ब्लाइंड' में नजर आईं सोनम कपूर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ कनेक्ट रहने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देतीं। सोनम ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह खाने के टेबल के पास बैठी हैं। दूसरी तस्वीर में बहन रिया कपूर के साथ पोज देती नजर आईं। रिया ने भी कई तस्वीरें अपने पेज पर शेयर कीं। सोनम कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री अपकमिंग फिल्म 'बैटल फॉर बिटोरा' में दिखाई देंगी। फिल्म अनुजा चौहान की इसी नाम की किताब पर आधारित है। साल 2010 में पब्लिश उपन्यास पर बन रही फिल्म में सोनम कपूर लीड रोल में दिखाई देंगी। जानकारी के अनुसार, सोनम की बहन रिया कपूर ने पुस्तक के फिल्म अधिकार हासिल कर लिए हैं और इस प्रोजेक्ट का निर्माण अनिल कपूर फिल्म्स कंपनी बैनर करेगा। फिल्म एक एनीमेशन स्पेशलिस्ट की कहानी बताती नजर आएंगी। फिल्म से जुड़े अपडेट्स को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट आने बाकी हैं।



# उमेद अभियान की ऊंची उड़ान महालक्ष्मी सरस प्रदर्शनी में 1000 से अधिक महिलाओं की भागीदारी

**मुंबई ( अनिल बेदाग ).** ग्रामीण इलाकों की महिलाओं के व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उमेद अभियान द्वारा आयोजित महालक्ष्मी सरस प्रदर्शनी को जनता से शानदार प्रतिक्रिया मिली। यह प्रदर्शनी 25 दिसंबर को सिडको एक्जि़बिशन, वाशी, नवी मुंबई में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में करीब 1000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और अपने-अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉल्स में हाथ से बनी वस्तुएं, घरेलू उत्पाद और पारंपरिक व्यंजन शामिल थे। खास बात यह थी कि तमिलनाडु, असम, और गुजरात जैसे विभिन्न रायों के साथ-साथ महाराष्ट्र के 34 जिलों की ग्रामीण महिलाएं इस प्रदर्शनी में भाग लेने आईं।

प्रदर्शनी के दौरान महिलाओं के स्टॉल्स से करीब 15 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। यह कहना गलत नहीं होगा कि महालक्ष्मी सरस ने महिलाओं की जिंदगी में सकारात्मकता बढ़ाई है, क्योंकि उन्हें ग्राहकों से बड़े पैमाने पर ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। उमेद अभियान के माध्यम से अब आम महिलाएं भी उद्यमी बन सकती हैं। महालक्ष्मी सरस प्रदर्शनी महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में आयोजित की जाती है। यह अभियान महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करता है, बल्कि उनके व्यवसाय को बढ़ाने के लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी देता है। इसके अलावा, उमेद अभियान ने उमेद मार्ट नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी शुरू किया है, जहां महिलाएं अपने घरेलू उत्पादों को बेच सकती हैं। इस पहल ने उनके उत्पादों को बेचने को आसान और सुलभ बना दिया है। रुचेश जयवंशी, महाराष्ट्र राय ग्रामीण आजीविका अभियान के मुख्य अधिकारी, ने कहा, हाल ही में वाशी में महालक्ष्मी सरस प्रदर्शनी का आयोजन उमेद अभियान के माध्यम से किया गया। इसमें महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों की 1000 से अधिक महिलाओं के घरेलू उत्पादों के स्टॉल शामिल थे। इनमें हस्तशिल्प, लकड़ी के खिलौने, मूर्तियां, पारंपरिक खाद्य उत्पाद और स्वास्थ्यवर्धक पेय जैसी चीजें थीं। इसके साथ ही, प्रदर्शनी में एक फूड कोर्ट भी था, जो महाराष्ट्र के हर क्षेत्र के स्वाद और खाद्य संस्कृति को दर्शाता है। इस बार की प्रदर्शनी में करीब 15 करोड़ रुपये की बिक्री हुई, और हमें उम्मीद है कि अगले कार्यक्रम में 500 से अधिक स्टॉल होंगे। हमने उमेद मार्ट नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी शुरू किया है, जिससे महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने में सहूलियत हो रही है। आगे भी, उमेद अभियान महिलाओं के व्यवसाय को प्रोत्साहित करने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए प्रयासरत रहेगा। उमेद अभियान ने बैंकों के सहयोग से ग्रामीण इलाकों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को उद्यमिता के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस वित्तीय वर्ष में महाराष्ट्र में लगभग 7000 करोड़ रुपये का ऋण बैंकों द्वारा दिया गया है। महिलाओं को बेहतर पैकेजिंग और ब्रांडिंग के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिससे उनकी व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि हो रही है। महालक्ष्मी सरस जैसी पहल उन महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गई है, जो अपनी योग्यता और काबिलियत को साबित करना चाहती हैं।

# शनाया कपूर ने दिखाई 2024 की झलक, बोलीं- '2025 का बेसब्री से इंतजार'



**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने को तैयार अभिनेत्री शनाया कपूर नए साल का स्वागत करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अभिनेत्री ने विदाई की दहलीज पर खड़े साल 2024 की झलक के साथ नए साल को लेकर अपने उत्साह को भी व्यक्त किया। साल 2025 के स्वागत के लिए बेताब अभिनेत्री शनाया कपूर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो मोंटाज शेयर कर कैप्शन में लिखा, 2025 मैं तुमसे मिलने का इंतजार नहीं कर सकती। वीडियो में अभिनेत्री साल 2024 की अपनी यादों को ताजा करती नजर आईं। इस वीडियो में उनके निजी और पेशेवर जीवन के खास पल कैमरे में कैद नजर आए। अभिनेता संजय कपूर की लाडली शनाया वीडियो में अपने दोस्तों और परिवार के साथ खास पल बिताती नजर आईं। उन्होंने वीडियो के साथ ट्रेंडिंग नॉर्दर्न लाइट्स गाने को भी एड किया। शनाया सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। हाल ही में उन्होंने कैंडिड सेल्फी और वीडियो शेयर किए थे, जिस पर उन्होंने मजेदार कैप्शन देते हुए लिखा था, डियर इंस्टा डायरी, मैं फिर से आ गई हूं। अभिनेत्री इंस्टाग्राम पर अपनी स्टाइलिश, मजेदार और खूबसूरत तस्वीरों के साथ वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं। शनाया कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। रस्किन बॉन्ड की कहानी पर आधारित फिल्म के निर्देशक संतोष सिंह हैं। अक्टूबर में निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म के रोमांचक कहानी के बारे में संकेत देते हुए खुलासा किया था। फिल्म में हॉरर के साथ रोमांस भी देखने को मिलेगा। फिल्म मेकर्स ने कैप्शन में लिखा था, प्यार अंधा होता है... या यह अंधा प्यार है? असाधारण बात है प्यार में पड़ना! मिनी फिल्म्स आपके लिए लेकर आई है आंखों की गुस्ताखियां, रोमांस और भूत-प्रेत पर एक नजरिया। फिल्म में भूमिका के बारे में बात करते हुए शनाया ने बताया था, मेरा किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है। वह मजबूत, भावुक और जीवंत है। शनाया ने विक्रांत मैसी के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर अपनी उत्सुकता भी व्यक्त की और इस प्रक्रिया में उनका मार्गदर्शन करने के लिए निर्देशक संतोष सिंह और निर्माता मानसी और वरुण बागला को धन्यवाद दिया था।

स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com